झारखण्ड सरकार
झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

Website : http://jceceb.jharkhand.gov.in
e-mail id: jceceboard@gmail.com
Phone no.: 9264473891

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰/29/22 –64 ,राँची/दिनांकः 15/09/2022

पोलिटेकनिक संस्थानों के शैक्षणिक वर्ष–2022–23 में डिप्लोमा (पार्श्विक प्रवेश) पाठ्यक्रम अंतर्गत विभिन्न शाखाओं में नामांकन हेतु अनुशंसा के निमित्त प्रथम ऑनलाईन साक्षात्कार के आयोजन से संबंधित अति महत्वपूर्ण सूचना

निदेशक (तकनीकी शिक्षा), उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांकः– वि0प्रा0 छा0नां0 – 01/2014 (Part-1)- 377 दिनांक–30.03.2022 के आलोक में राज्य के पोलिटेकनिक संस्थानों के शैक्षणिक वर्ष–2022–23 में डिप्लोमा (पार्श्विक प्रवेश) पाठ्यक्रम अंतर्गत विभिन्न शाखाओं के तृतीय सेमेस्टर/द्वितीय वर्ष में नामांकन हेतु अनुशंसा के निमित्त पर्षद द्वारा दिनांक 26.06.2022 को ऑफलाईन मोड में आयोजित डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश) –2022 का परीक्षाफल दिनांक 14.09.2022 को जारी किया जा चुका है। उद्योग निदेशालय, झारखण्ड सरकार के पत्रांक –339 दिनांक – 11.07.2022 के आलोक में झारखण्ड गवर्नमेंट मिनी टूल रूम एंड ट्रेनिग सेन्टर, राँची तथा गवर्नमेंट टूल रूम एंड ट्रेनिंग सेन्टर, दुमका के डिप्लोमा इन टूल एंड डाई मेकिंग शाखा तथा तकनीकी शिक्षा निदेशालय , उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांकः– वि0प्रा0 छा0ना0 – 01/2014 - 818 दिनांक–14.09.2022 के आलोक में सेन्ट्रल इन्स्टीच्यूट ऑफ प्लास्टिक इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी (सी0आई0पी0ई0टी0), राँची के डिप्लोमा इन प्लास्टिक टेक्नोलॉजी एवं डिप्लोमा इन प्लास्टिक मोल्ड टेक्नोलॉजी शाखाओं में भी नामांकन की अनुशंसा उक्त परीक्षाफल के आधार पर की जायेगी।

2. परीक्षाफल में शामिल धनात्मक अंक धारित अभ्यर्थियों को मेधा–सह–ईच्छा के आधार पर ऑनलाईन साक्षात्कार के माध्यम से सीटों का आवंटन किया जायेगा। नामांकन के समय अभ्यर्थियों को सीट आवंटन के अनुरूप वांछित प्रमाण–पत्र/पत्रों की मूल–प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा वे नामांकन से वंचित हो जायेगें। वांछित प्रमाण–पत्रों के प्रारूप सूचना–विवरणिका/पर्षद के वेबसाईट के "Download" कॉलम में उपलब्ध है।

3. सीट आवंटन हेतु अभ्यर्थियों द्वारा पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध "Online Counselling for Admission in Diploma (Lateral Entry)-2022" Link में Click कर दिये गये दिशा–निर्देशों का अनुसरण करते हुए विकल्पों को भरा जाना है।

4. अभ्यर्थियों द्वारा संस्थान/संस्थानों तथा शाखा/शाखाओं का प्राथमिकता के अनुसार विकल्पों को भरा जाना है। विकल्पों को भरने की संख्या पर कोई प्रतिबन्ध नहीं है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सीटों के आवंटन हेतु अधिक से अधिक विकल्पों को भरें। अभ्यर्थी पुनः Login कर आवश्यकता होने पर अपने चयनित विकल्प/विकल्पों को दिनांक – 23.09.2022 को संशोधित/परिवर्तित कर सकते हैं।

5. साक्षात्कार शुल्कः– अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार शुल्क, Payment Gatway के माध्यम से Credit Card/Debit Card/Net Banking/UPI के द्वारा निम्न तालिका के अनुसार भुगतान किया जाना है जो अप्रतिदेय (Non – refundable) होगा :–

Sl. No.	Category	Counselling Fee
1.	General/EWS/BC-I/BC-II	Rs. 400.00
2.	SC/ST/Female Candidate of all Categories	Rs. 250.00

6. **सीट आवंटन हेतु आंशिक नामांकन शुल्क की राशि** :– अभ्यर्थियों को औपबंधिक सीट आवंटन पत्र अद्यःभारित (Download) करने हेतु आंशिक नामांकन शुल्क रू0 1,000/– की राशि उपरोक्त कंडिका–5 में वर्णित विधि के ही अनुसार जमा करना अनिवार्य होगा। यदि अभ्यर्थी आवंटित संस्थान में नामांकन कराते हैं एवं अध्ययन जारी रखते हैं तो पर्षद द्वारा ली गयी आंशिक नामांकन शुल्क की राशि संबंधित संस्थान को उनके शिक्षण शुल्क में समायोजन हेतु उपलब्ध करा दी जायेगी अन्यथा यह राशि जब्त (Seize) कर ली जायेगी।

7. प्रथम ऑनलाईन साक्षात्कार तथा नामांकन से संबंधित प्रमुख तिथियाँ निम्नवत् है :–

Time-Schedule for 1st Round of Online Counselling for Admission under Lateral Entry in Diploma Course

Sl. No.	Activity	Date
1.	Starting Date of Online Registration & Choice Filling for Seat Allotment	17 /09/2022
2.	Last date of Online Registration & Choice Filling for Seat Allotment	22 /09/2022
3.	Editing in filled up choices	23 /09/2022
4.	Issue of Provisional Seat Allotment Letter	28/09/2022 to 07/10/2022
5.	Document Verification and Admission in the Concerned Institute	28/09/2022 to 07/10/2022

8. अनुशंसित अभ्यर्थियों द्वारा निर्धारित तिथि तक आवंटित संस्थान में नामांकन नहीं लेने पर उनका औपबंधिक सीट आवंटन पत्र स्वतः रद्द समझा जायेगा।

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

15/09/22

(रंजीता हेम्ब्रम, झा०प्र०से०)
उप परीक्षा नियंत्रक